>

Title: Need to convert rail line between Mavli Junction and Marwar Junction in Rajasthan into broad-gauge.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे लोक सभा क्षेत्र में उत्तर-पश्चिम रेलवे के अजमेर खण्ड के अंतर्गत पूर्व से मावली जंक्शन से मारवाड़ जंक्शन तक मीटरगेज रेलवे लाइन है। इस रेल लाइन को मावली से नाथद्वारा तक ब्रॉडगेज में परिवर्तित कर दिया गया है। शेष बचे नाथद्वारा से मारवाड़ जंक्शन तक आमान परिवर्तन नहीं किया गया है। कई बार सर्वेक्षण किया जा चुका है। आमान परिवर्तन होने से इस लाइन द्वारा, जो सुरक्षा की दृष्टि से पाकिस्तान से लगे सीमा क्षेत्र को जोड़ती है, व्यापारिक एवं धार्मिक दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध जोधपुर एवं रामदेवरा को दक्षिणी राजस्थान से जोड़ा जा सकेगा। अस्तु सरकार से निवेदन है कि इस रेल लाइन का आमान परिवर्तन किया जाए।